### 3 घंटे लग रहा नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर चक्काजाम, रविवार को भी सौसर में तैनात रहा पुलिस बल

# नाबालिक से छेड़छाड़: भाजपा नेता के बयान पर हुआ चक्काजाम





हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

देखने में आया है कि विगत कुछ महीनो से सौसर की शांत भाईचारे की फिजा में तनाव विवाद का जहर घुलता हुआ नजर आ रहा है, जिसके चलते आम जनमानस को बड़ी परेशानियां हो रही है, ऐसा ही कुछ मामला हाल ही में हुआ है जब पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है।

रविवार को भी बड़ी संख्या में सौसर में पुलिस बल तैनात रहा है।नगर में शनिवार को ग्रामीण क्षेत्र की एक नाबालिक से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था, शिकायत के बाद में पुलिस के द्वारा आरोपी युवक पर कार्रवाई भी की गई,परंतु बीजेपी नेता के बयान के बाद में बड़ी संख्या में युवाओं ने श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर पहुंच कर रात्रि 8 बजे से लगभग 3 घंटे तक चक्का जाम किया।पुलिस के द्वारा बल प्रयोग करने के बाद में चक्का जाम समाप्त हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक से छेड़छाड़ के मामले में आक्रोशित लोग शाम को थाने पहुंचे और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

कुछ समय बाद सौसर नपा उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे द्वारा एक वर्ग विशेष का पक्ष लेते हुए किए बयानबाजी पर नगर के युवा भड़क उठे और नागपुर मार्ग पर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक में 3 घंटे चक्का जाम किया।

घटना को लेकर नगर में देर रात तक तनाव पूर्ण वातावरण बना हुआ रहा। नाबालिक के परिवार की शिकायत के बाद में पुलिस ने तत्काल हरकत में आते हुए आरोपी 24 वर्षीय अमन पिता असलम खान को हिरासत में लिया, सौसर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक से छेड़छाड़ की शिकायत मिलने के बाद पास्को एक्ट के अपराध के आरोपी की तलाश पतासाजी हेतु त्वरित टीम गठित कर आरोपी पर अपराध धारा 64(2)(एम ),65(1),78(1) बीएनएस 3,4, 5 (1), 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी अमन खान निवासी मोहगांव को अपराध मे गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया गया है, आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### 3 घंटे तक बंद रहा नागपुर छिंदवाड़ा हाइवे मार्ग

घटना को लेकर श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर युवाओं के द्वारा भाजपा नेता पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर 3 घंटे तक धरना देते हुए विरोध प्रदर्शन के साथ आवागमन को बाधित किया, श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से लेकर तो बेलगांव और ओर बस स्टैंड सौसर की ओर वाहनों की लंबी कतारों में यात्री फसे रहे। इस दौरान प्रशासन की ओर अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, एस डीओपी प्रियंका पांडे, सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उईके के द्वारा आंदोलनकारी से बार-बार चर्चा समझाईश परंतु जब आंदोलनकारी मानने के मूड में नजर नही आये तो रात्रि 11:30 बजे के लगभग पुलिस के द्वारा जमकर बल प्रयोग करते हुए लाठियां चलाकर कर भीड़ को तीतर भीतर करते हुए आवागमन शुरू किया। इस दौरान पुलिस पर पत्थर बाजी करने की जानकारी भी प्राप्त हुई है।

## श्री बड़ी माता मंदिर का दीपावली मिलन समारोह हुआ आयोजित



**छिंदवाड़ा।** श्री बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आज दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद श्री विवेक बंटी साहू जी , रामलीला मंडल अध्यक्ष राजपूत के हस्ते आगामी 13,14,15 दिसंबर में आयोजित अयोध्या में रामलीला पत्रिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में छिंदवाड़ा के अनेक गणमान्य अतिथियों एवं माता भक्तों ने सपरिवार सम्मिलित होकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे —जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शेषराव यादव, भाजपा उपाध्यक्ष श्री विजय पांडे, श्री शंटी बेदी, श्री अजय सक्सेना, पूर्व सरपंच श्री योगेश सदारंग, व्यापारी श्री अक्षय दुग्गड़, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर, करणी सेना अध्यक्ष श्री जित्तू बैंस, कांग्रेस पार्षद श्री टिंकू राय वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चौरसिया , आर एस वर्मा जी , सुधीर दुबे तथा अन्य अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवीगण। मंदिर ट्रस्ट की ओर से संरक्षक श्री सतीश दुबे, श्री कस्तूरचंद जैन, श्री मुकुल सोनी , श्याम विश्वकर्मा , अरविंद राजपूत सहित अध्यक्ष श्री संतोष सोनी, सचिव श्री राजू चरणागर, कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष श्री सुशील सोनी, श्री पप्पू सोनी जी एवं समस्त ट्रस्ट सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के करोड़ों की लागत से हो रहे नवनिर्माण कार्य की रूपरेखा प्रस्तुत की गई और उपस्थित भक्तजनों से मूल्यवान सुझाव आमंत्रित किए गए। अंत में सभी आगंतुकों एवं अतिथियों ने सामूहिक रूप से स्नेहभोज ग्रहण किया और दीपावली मिलन समारोह का शुभ समापन हुआ।श्री बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट समस्त सहयोगियों, भक्तजनों निवेदन कि श्री बड़ी माता मंदिर नवनिर्माण शीघ्र ही 1 वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें आप समस्त माता भक्तजन अपना विशेष सहयोग से मंदिर से लक्ष्य पूर्ण की प्राप्ति करवाएंगे। मंदिर ट्रस्ट आप सभी का आभार व्यक्त करता है।

## शिकायत के 4 माह बाद बदले गए नेहरिया खदान प्रबंधक

**परासिया :-** पेंच कोयला क्षेत्र की नेहारिया भूमिगत कोयला खदान के प्रबंधक शिकायत के 4 माह बाद बदले गए हैं । उन्हें सेठिया ओ सी एम ट्रांसफर किया गया है । प्रबंधक की कार्य प्रणाली को लेकर भाजपा के शिवपुरी मंडल अध्यक्ष ने सांसद से शिकायत की थी ।नेहरिया भूमिगत कोयला खदान में प्रभात कुमार साहू प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे । जिनकी कार्य प्रणाली को लेकर लंबे समय से सवालिया निशान लगते रहे । जिसको लेकर शिवपुरी भाजपा मंडल अध्यक्ष देवीपाल ने 09 जून 2025 को सांसद विवेक बंटी साहू को लिखित शिकायत की , जिसमें उन्होंने सांसद को अवगत कराया , कि प्रबंधक श्री साहू अपने कर्तव्यों के प्रति निरंतर अनियमिततायें बरतने के साथ - साथ कामगारों को प्रताड़ति भी कर रहे हैं । श्री पाल ने सांसद से प्रबंधक का तबादला अन्यत्र किए जाने का आग्रह किया था । जिसके बाद 17 जून 2025 को सांसद ने इसी संदर्भ में अध्यक्ष सह निदेशक वेकोली नागपुर को पत्र लिखा था । वेकोली के एरिया एच आर प्रबंधक ने 30 अक्टूबर को एक पत्र जारी किया जिसमें नेहरिया के प्रबंधक पी के साहू को 01 नवंबर 25 से सेठिया ओ सी एम पदस्थ किए जाने सम्बंधित आदेश है । हालांकि उस पत्र में वेकोली के 3 और अधिकारियों के नाम भी है , जिसमें बी जी साइडिंग , ई डी सी और वर्कशॉप चांदामेटा के इंचार्ज शशिकांत साहू को प्रबंधक नेहरिया , अनिल मौर्य डिप्टी मैनेजर (माइनिंग) बी जी साइडिंग को ई डी सी का अतिरिक्त चार्ज , मनोज कुमार मैनेजर (E&M) को एरिया ऑफिस के अलावा वर्कशॉप चांदामेटा का अतिरिक्त चार्ज दिए जाने सम्बंधित आदेश हैं ।

## हाजरी नहीं लगाई तो टोकन क्लर्क को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

पेंच कोयला क्षेत्र की छिंदा ओ सी एम (ओपन कास्ट माइंस) के टोकन क्लर्क को खदान प्रबंधक ने वर्करों की हाजरी नहीं लगाने पर कारण बताओ नोटिस दिया है । छिंदा ओ सी एम में सुनील कुमार गौतम टोकन क्लर्क के रूप में पदस्थ हैं । मामला 20 अक्टूबर की प्रथम पाली का है । क्लर्क सुनील सुनील गौतम का कहना है , कि 20 अक्टूबर को वो ड्यूटी आया ही नहीं था , उसे ये भी नहीं मालूम की उस दिन कौन - कौन ड्यूटी पर आया था , पर खदान प्रबंधक द्वारा उस पर जबरन दबाव बनाकर उस दिन काम पर आए कामगारों की हाजरी लगाने को कहा जा रहा है , जबकि यह काम उस कामगार से करना चाहिए जिसे 20 अक्टूबर को प्रथम पाली में मेरी जगह जिम्मेदारी दी गई गई होगी । ऐसा न करके उस कारण बताओ नोटिस दिया गया है । जिसमें लिखा है , कि उसके द्वारा हाजरी नहीं लगाने के चलते अक्टूबर माह का वेतन नहीं हो पाया है ।

### बगैर हाजरी लगे लिया काम

देखने में आ रहा है , कि छिंदा का संचालन नियमों को ताक में रखकर किया जा रहा है , प्रबंधक द्वारा जारी नोटिस से स्पष्ट है , कि 20 अक्टूबर को प्रथम पाली में कामगारों की हाजरी नहीं लगी , जिससे यह भी जाहिर है , कि उस दिन कामगारों से बगैर हाजरी लगाए काम लिया गया , जो कि न्याय संगत नहीं है । इस से खान सुरक्षा विभाग की भी लापरवाही उजागर होती है ।




## 731 नागरिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, तीन मरीज हुए रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ हुए "100 दिन सेवा, संकल्प और स्वास्थ्य" अभियान के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में 47वां शिविर 2 नवम्बर 2025 को देवरीमाल भव्य रूप से आयोजित किया गया यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें सैकड़ों नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया।शिविर का आयोजन सांसद बंटी विवेक साहू के नेतृत्व में तथा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय के विशेष सहयोग से किया गया। आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में कुल 731 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें 312 पुरुष और 419 महिलाएं शामिल रहीं। वहीं, 3 मरीजों को आगे के इलाज हेतु रेफर किया गया शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने हड्डी, आंख, हृदय, शुगर, बीपी, दंत रोग, त्वचा रोग सहित विभिन्न रोगों की जांच कर उचित परामर्श दिया। साथ ही सभी मरीजों को मुफ्त दवाइयां और स्वास्थ्य मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

## डीआईजी ने किया निरीक्षण, परेड की ली सलामी

**छिंदवाड़ा।** आज पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में डीआईजी श्री राकेश कुमार सिंह, छिंदवाड़ा रेंज हेतु निरीक्षण परेड का आयोजन किया गया। परेड में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्री अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आशीष खरे, ने डीआईजी श्री राकेश कुमार सिंह का स्वागत करके किया इसके पश्चात रक्षित निरीक्षक श्री आशीष तिवारी द्वारा परेड की सलामी दी एवं डीआईजी श्री सिंह ने परेड की गुणवत्ता, वर्दी, अनुशासन, चाल-ढाल, शस्त्र, किट एवं उपकरणों का विस्तृत निरीक्षण किया। पहली बार पुलिस लाइन में "किट परेड" की जांच की गई, जिसमें सभी जवानों की वर्दी, बेल्ट, बूट, शस्त्र एवं ड्रिल अनुशासन का निरीक्षण किया गया। इसके पश्चात डीआईजी श्री सिंह ने वाहन शाखा में वाहनों का निरीक्षण किया, जिसमें वाहनों की स्थिति, रखरखाव एवं दस्तावेजों की जांच की गई। तत्पश्चात दरबार लगाकर कर्मचारियों की फरियादें सुनी गईं एवं संबंधित शाखाओं को आवश्यक निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान डीआईजी श्री सिंह ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि "पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा और सुरक्षा है। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को सदैव अनुशासन, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए।"निरीक्षण परेड के उपरांत डीआईजी श्री सिंह ने पुलिस लाइन परिसर, शस्त्रागार, वाहन शाखा, प्रशिक्षण कक्ष, बैरक एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया तथा सफाई व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता और प्रशासनिक कार्यप्रणाली की समीक्षा की।



## वन प्रहरी चालक ने नाकेदार, डिप्टी रेंजर की अनुपस्थिति में घायल बंदर का कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



पश्चिम मंडल की तामिया रेंज के अंतर्गत आने वाली बीटों में जंगल की अवैध कटाई होना, रेत का अवैध उत्खनन होना आम बात है। क्योंकि इस रेंज के इक्का नाको को छोड़ दो तो कोई भी नाकेदार नाके में निवास नहीं करते हैं। इस कारण वन अपराध होते चले आ रहे हैं। उदाहरण के तौर पर अभी पिछले दो माह में तीन रेत के ट्रैक्टर वन भूमि की नदी से रेत चोरी करते पकड़े जा चुके हैं। बावजूद इस पर वन अधिकारी अपने नाकेदारों पर अंकुश लगाने एवं उनको नाके पर तैनात रखने में क्यों नहीं रुचि रखते यह कहा नहीं जा सकता, वहीं वन प्राणियों के मामले में भी लापरवाही अक्सर देखने मिलती है। पिछले कुछ दिनों पूर्व तेंदुआ आबादी के नजदीक आ गया था। वही जंगल में चहल-पहल एवं बंदरों की खाने-पीने की चीज नहीं होने की दशा में शहर की ओर आ गए हैं और समय समय पर उनके साथ दुर्घटना भी होती है तो कभी बिजली के करंट से हो रही है। अस्पताल के पास दुर्घटना में मृत बंदर को प्रोटोकॉल एवं बगैर पोस्टमार्टम के दफना दिया गया था, बाद में उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनवाए जाने की भी चर्चा रही। ऐसा ही उदाहरण आज तामिया रेंज से दौ सो मीटर की दूरी पर स्थित पावर हाउस के पास ट्रांसफार्मर पर चढ़ते समय काले मुह का बंदर करंट की चपेट में आकर घायल हो गया। जिसकी मोहल्ले वालों ने वन विभाग को सूचना दी लेकिन सूचना मिलने पर ना तो नाकेदार ना डिप्टी रेंजर इस घायल बंदर के पास पहुंचे। टेल्को वन प्रहरी वाहन चालक जिसने मोहल्ले वालों की मदद से उस बंदर का उपचार कराया और उसे जंगल की ओर छोड़ने गया लेकिन उपचार के

## 60 लाख के अधिक लागत से होंगे बानाबकोड़ा में विकास कार्य

**सौंसर।** रविवार को ग्राम पंचायत बानाबाकोड़ा में 60 लाख से अधिक राशि के भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुए हे। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी पांढुर्णा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ उपस्थित थे। मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से ग्राम पंचायत में पानी के टंकी की मांग की जा रही थी।जिसे शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूरा किया जा रहा है।इस दौरान ग्राम पंचायत बानाबाकोडा में 53.19 लाख रुपये लागत से प्रस्तावित पानी टंकी और तुकडोजी महाराज के प्रतिमा के निर्माण कार्य के भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने कहा कि विकास का दूसरा नाम भाजपा सरकार है, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश के साथ-साथ खास तौर पर पांढुर्णा और छिंदवाड़ा जिले के विकास के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राशि उपलब्ध कर सौसर क्षेत्र के ग्राम पंचायतो का विकास किया जा रहा है। जब से भाजपा सरकार प्रदेश में आई है तब से सही रूप से आम जनमानस को जनकल्याणकारी योजनाएं उपलब्ध हो रही है, साथ ही गांवो का सर्वांगीण विकास हो रहा है। कांग्रेस के द्वारा मात्र जिले वासियों को कोरी घोषणाएं दी है पांढुर्णा छिंदवाड़ा जिले का विकास भारतीय जनता पार्टी और उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हुआ है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के विकास को लेकर ग्रामीणों के द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ का स्वागतकर आभार व्यक्त किया है।



### जांच होने पर ठेकेदार एवं अधिकारियों की मिली भगत भौतिक सत्यापन से आएगी सामने

# आरईएस के पुल निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की कहानी कहती गिट्टी की जगह बोल्डर भरी पिटवॉल




हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया (बाबा ठाकुर)

तामिया आदिवासी विकासखंड अधिकारी कर्मचारियों के लिए उनके नाम पर विकास के लिए आई योजनाओं की राशि चारागाह साबित होती चली आ रही है जिसमें सर्वाधिक तकनीकी भ्रष्टाचार अधिकारी मैदानी तकनीकी अमले की मिली भगत से शासकीय धन की जमकर लूटपाट कैसे की जाती है वह आरईएस विभाग में हुए निर्माण कार्यों में देखी जा सकती है।

### आरईएस विभाग का उप संभाग कार्यालय कागजों में चल रहा

तामिया में शासन द्वारा खोला गया इस विभाग का कार्यालय जिसके द्वारा मैदानी क्षेत्र में विकास की कार्य योजना बनाने के साथ उसको अमली जामा विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जिम्मा दे रखा है। अगर वह कागज में चले तो विकास और भ्रष्टाचार का कितना मधुर संबंध होगा यह आसानी से समझा जा सकता है क्योंकि कार्यपालन यंत्रि ने इस कार्यालय को हैंग जो कर रखा है।

### भ्रष्टाचार में यह विभाग सदा सिरमौर

आरईएस उप संभाग के अंतर्गत तामियां जनपद क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत कराए गए पुल, पुलिया, सरोवर तालाबो,, सुदूर सड़को, एवं अन्य मदों से टेंडर प्रक्रिया से कराये गए निर्माण कार्य में किस पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है, जिसकी जांच भी हुई लेकिन तत्कालीन कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उप यंत्री, को क्लीन चिट भ्रष्टाचार की राशि के दम पर मिल चुकी है और भ्रष्टाचार का मामला तालाबों की मिट्टी में दफन हो गया।

### कारनामा : बिछुआ के उपयंत्री को पुल का जिम्मा



प्राप्त जानकारी के अनुसार तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री राजेश सनोडिया द्वारा तामिया उप संभाग मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर डोंगरगांव मार्ग पर ठेकेदार द्वारा बनाए जा रहा है। इस पुल पर तकनीकी मार्गदर्शन देने बिछुआ जनपद की पंचायत में तैनात उपयंत्री रविकांत पटले को पुल निर्माण में तकनीकी जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि बिछुआ से यह निर्माणाधीन पुल की दूरी लगभग 170 किलोमीटर है तो समझा जा सकता है कि किस तरह उन्होंने तकनीकी मार्गदर्शन दिया होगा। जब इस तरह पंचायत के उप यंत्री तकनीकी मार्गदर्शन देंगे तो पुल की गुणवत्ता प्रभावित होना तय हैऔर हुआ ही वही पुल निर्माण में खामियां नजर आने लगी है। आरईएस छिंदवाड़ा संभाग क्रमांक 2 मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बॉक्स कन्वर्ट निर्माण पुल डोंगर गांव मार्ग पर 81 लाख 48 000 की लागत से मुख्यमंत्री सड़क एवं अधोसंरचना योजना के तहत वाक्स कन्वर्ट पुल निर्माण कराया गया, जिसकी कार्यकारी एजेंसी तिरुपति बालाजी कंस्ट्रक्शन बोर्ड पर लिखी गई है, लेकिन इस पुल निर्माण में शुरुआत से ही ठेकेदार एवं विभाग के अधिकारियों की अघोषित ठेकेदारी की चर्चा रही और यह पुल इसी तालमेल के तहत निर्माण शुरू हुआ जिसमें बिछुआ के तैनात उपन्यत्री ने इस निर्माण में कितना तकनीकी मार्गदर्शन दिया यह जग जाहिर है। वही ठेकेदार ने एक छुट भैये ठेकेदार को पेटी पर दे डाला क्योंकि यह पेटी ठेकेदार आर ई एस के चहेतों में से एक है। इस निर्माण में अनियमितताओं की शुरुआत हुई और यह मापदंड के विपरीत बना क्योंकि ग्रामीणों की आवश्यक चीज थी। इसलिए घटिया निर्माण का कभी ग्रामीणों ने विरोध नहीं किया और धीरे-धीरे पुल भ्रष्टाचार के साथ बनाया गया लेकिन अब ईसी पुल में ऊपरी सतह पर निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही पहली बरसात में ही सामने आने लगी हैं। जो ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा का विषय बन गई और लोग सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड कर रहे हैं। इस फोटो में साफ दिख रहा है कि जो पिटबाल बनाई गई है वह एकदम कंक्रीट की वजह बड़े-बड़े पत्थर भरकर बनाई गई है जो पहली बरसात में ही बाहर आने लगे हैं। वहीं पुल के दोनों और की कंक्रीट भी उखड़ने लगी है। सबसे हैरत करने वाली बात यह है कि जहां पर एक दो चार का मसाला की कांक्रीट किया जाना था। वहां बड़े-बड़े पत्थर के टुकड़े वह भी मुरम के साथ भरे गए साफ देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों को मानना है कि जब ऊपर की पिट बाल निर्माण में इतनी लापरवाही बरती गई है तो पुल के अंदर हुई कंक्रीट एवं खोदे गए पीयर में कितनी की गई होगी। इस तरह भ्रष्ट निर्माण कार्यों में इस पुल की भी गिनती होने लगी है। यदि इस पुल का भौतिक सत्यापन माप पुस्तिका में किए गए मिलान से करेंगे तो इस पुल निर्माण में भी सुदूर सड़क अमृत सरोवर तालाब पुल पुलिया में किए गए भ्रष्टाचार के समकक्ष अपने आप को पाएगा। अब देखना यह है कि ऊपर नजर आ रहे घटिया निर्माण कार्य की जिला प्रशासन जांच करता है तो इसमें तत्कालीन कार्यपालन यंत्री सहायक यंत्री एवं उपन्यत्री जो वर्तमान में इस क्षेत्र के निर्माण कार्य अभी भी तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे हैं। उपयंत्री की भ्रष्ट शैली का अन्य कामों में भी खुलासा होगा। अब देखना यह है कि सतह पर नजर आने वाले घटिया निर्माण पर किस तरह की जांच होती है एवं निर्माण कार्य के तकनीकी मार्गदर्शन देने वाले अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की इस पुल के माध्यम से निश्चित पोल खुलेगी। आर ई एस छिंदवाड़ा संभाग क्रमांक 2 मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बॉक्स कन्वर्ट निर्माण पुल डोंगर गांव मार्ग पर 81 लाख 48 000 की लागत से मुख्यमंत्री सड़क एवं अधोसंरचना योजना के तहत वाक्स कन्वर्ट पुल निर्माण कराया गया, जिसकी कार्यकारी एजेंसी तिरुपति बालाजी कंस्ट्रक्शन बोर्ड पर लिखी गई है, लेकिन इस पुल निर्माण में शुरुआत से ही ठेकेदार एवं विभाग के अधिकारियों की अघोषित ठेकेदारी की चर्चा रही और यह पुल इसी तालमेल के तहत निर्माण शुरू हुआ। बिछुआ के तैनात उपन्यत्री ने इस निर्माण में कितना तकनीकी मार्गदर्शन दिया यह जग जाहिर है। वहीं ठेकेदार ने एक छुट भैये ठेकेदार को पेटी पर दे डाला क्योंकि यह पेटी ठेकेदार आर ई एस के चहेतों में से एक है। इस निर्माण में अनियमितताओं की शुरुआत हुई और यह मापदंड के विपरीत बना क्योंकि ग्रामीणों की आवश्यक चीज थी। इसलिए घटिया निर्माण का कभी ग्रामीणों ने विरोध नहीं किया और धीरे-धीरे पुल भ्रष्टाचार के साथ बनाया गया लेकिन अब ईसी पुल में ऊपरी सतह पर निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही पहली बरसात में ही सामने आने लगी हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में चर्चा का विषय बन गई और लोग सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड कर रहे हैं। इस फोटो में साफ दिख रहा है कि जो पिटबाल बनाई गई है। वह एकदम कंक्रीट की वजह बड़े-बड़े पत्थर भरकर बनाई गई है जो पहली बरसात में ही बाहर आने लगे हैं।

## हर दिन रात्रि में हो रही है नगर की सफाई
# स्वच्छता गौशाला को लेकर नगर पालिका कर रही है कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौसर

नगर पालिका परिषद सौसर के द्वारा नगर के विकास के साथ-साथ नगर स्वच्छ सुंदर रहे इस उद्देश को लेकर निरंतर रात्रि के समय में नगर चौक चौराहो बस स्टैंड एवं वार्डों की प्रतिदिन नपा सफाई कर्मचारियों के द्वारा नगर की साफ सफाई करते हुए स्वच्छता की अलख जगह जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका द्वारा संचालित सरकारी गोशाला क्षेत्र में गोसेवा, स्वच्छता और संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण बनी है। नगर पालिका द्वारा बीमार, वृद्ध एवं घायल गोवंश की सेवा की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा, सीएमओ मौसम पालेवार तथा स्थानीय प्रशासन के समन्वय से गोशाला पूरे तहसील क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर है। गुजरात से आए भवन पंड्या ने कहा कि सौंसर नगर पालिका की यह गोशाला वास्तव में अनुकरणीय है। यहां की स्वच्छता, देखभाल और सेवा भावना देखकर लगता है कि यह कार्य केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक दायित्व की भावना से किया जा रहा है। उत्तराखंड से आए सचिन लोहान ने कहा कि यह पहली गोशाला है जहां सच्चे अर्थों में गोसेवा होती हुई देखी।

राजगढ़ जिले से आए इंस्पेक्टर एवं समाजसेवी प्रशांत श्रीवास्तव ने प्रशासन से अनुरोध किया कि गोचर भूमि पर जहां भी अतिक्रमण हुआ है या भूमि गोशाला को उपलब्ध नहीं हो पा रही है, चर्चा के दौरान सौसर नगर पालिका अध्यक्षश्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा ने बताया किगोशाला में प्रतिदिन सफाई, चिकित्सा आहार और पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवाल का कहना है कि सौसर नगर फिर से स्वच्छता में नंबर बनाएं नगर साफ सुथरा और स्वच्छ रहे बीमारियां न पहले इस देश को लेकर निरंतर रात दिन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सौंसर जिले में नही बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक मॉडल गोशाला के रूप में पहचानी जानी इसलिए भी नगर पालिका परिषद के द्वारा विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है,क्षेत्र के युवाओ नागरिको ने एक साथ आकर गौसेवा रक्षा सुरक्षा व्यवस्था गोमाता का इलाज आदि के लिए मदद करनी चाहिए।

## आशाराम बापू केस की सच्चाई सामने आने पर अब जनता प्रकट कर रही अपने विचार

**छिंदवाड़ा।** सर्वविदित है कि विगत 29 अक्टूबर 2025 को न्यायालय द्वारा संत आशाराम बापू को 6 महीने की रेगुलर अंतरिम बेल दी गई। और पुलिस कस्टडी भी हटाई गई। राजनैतिक गलियारों से लेकर बड़े बड़े मीडिया हाउस और विशेषकर आम जनता में यह चर्चा का विषय रहा। अजय पाल लाम्बा (पूर्व **DCP** जोधपुर) का 2013 का वीडियो सभी जगह वायरल हुआ , जिसमें वे स्पष्ट बता रहे हैं कि 376 का केस ही नहीं है। फिर जनता के मन में सवाल उठना लाज़मी था कि जब ब्लात्कार का केस ही नहीं था, तो फिर सिर्फ मीडिया ट्रायल के आधार पर उन्हें सजा सुना देना और 12 वर्षो से जेल में रखना एक निर्दोष संत के खिलाफ घोर षड्यंत्र का स्पष्ट इशारा है। सोशल मीडिया पर इसकी खूब चर्चा चली। हिन्दू मुस्लीम सभी लोगों ने न्याय व्यवस्था की तीखी आलोचना की। यूट्यूब पर एक वीडियो बहुत वायरल हो रहा है जिसका शीर्षक है : ये पब्लिक है, सब जानती है। **Asaram Bapu Case Exposed** ! इसमें देश की आम जनता के विचार बताये गए हैं जो कमेंट्स के माध्यम से लोगों ने व्यक्त किये। कई यूजर्स ने माफी भी मांगी यह कहते हुए कि हमने पहले इन बाबा को गलत समझा था, अब सच पता चला तो हमें अपने में ग्लानि महसूस हो रही है। बहुत सारे मुस्लीम यूजर्स ने भी खुले मन से इस केस में उजागर सच्चाई के बारे में अपने विचार रखते हुए बापू आशारामजी के साथ हुए घोर अन्याय पर अपनी संवेदना जताई। यह पूरे देशहित में बहुत आवश्यक है कि दुबारा इस तरह किसी निर्दोष के साथ ऐसा ना हो। इसरो वैज्ञानिक लम्बी नारायण जी का केस तो सभी को याद ही है। इसके लिए न्यायव्यवस्था में त्वरित सुधार की अनिवार्य आवश्यकता है। महामंडलेश्वर नागेंद्र ब्रह्मचारी जी , स्वामी राकेशानन्द जी , देवकीनंदन जी ठाकुर , स्वामी प्रेमानंद जी महाराज जैसे कई साधु सन्तों ने निर्दोष संत श्री आशारामजी बापू के पक्ष में पहले भी अपना मत रखा है ।



## दुर्गा माता मंदिर में मनाया खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया



प्रति वर्ष कीअनुसार इस वर्ष भी खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव श्रीश्री दुर्गा माता मंदिर अम्बाड़ा मे विधि विधान से पूजन अर्चन एवं आतिशबाजी ओर मिष्ठान वितरण कर मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विकाश अग्रवाल मित्रमंडल गुड़ी अंबाडा द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से मंदिर के पुजारी रवि बाबा, मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष शिव दर्शन गिरी, पाला चौरई पंचायत सरपंच मुकेश उईके, विजय पवार,निरंजन सिंह, बलराम भलावी,लकी प्रजापति,हिमांशु राय , सुमित प्रजापति,मयूर वर्मा,प्रफुल पवार,शुभ अग्रवाल,आशी यादव,संदीप उइके,अजय यादव,सुभम बंदेवार,विशाल साहू,चंचलेश नागवंशी, राकेश पासवान, अमन परोचे, शोभित अग्रवाल,आकाश कोटर,अनुज यादव,निलेश यादव, जय सिंह ,विकास कोटार,अनुज यादव,प्रखर बरमैया, विकास सेंगर, राहुल यादव यस कनोजिया,विजेंद्र बागड़े, रेहान अंसारी,अकरम पठान,रामु विसंदरे, सूर्यकान्त कहार,अंकित कनोजिया,विवेक साहू,अनुज यादव, कमलेश सेन,राकेश आरजो,मोनू बट्टी,दिव्यांस राय एवं बड़ी संख्या मे युवा उपस्तिथ रहे।

# युवा ग्रुप के सदस्यों ने मनाया खाटू श्याम का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिंगोड़ी

विगत दिन शनिवार रात्रि को सिंगोड़ी बस स्टैंड परिसर में युवा ग्रुप के सदस्यों के द्वारा बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। इस दौरान इंदौर की भजन गायिका रितिका धारसे और ममता सत्यार्थी ने खाटू श्याम बाबा के भजनों की एक से बढ़ कर एक भजनो की प्रस्तुति पेश की मधुर भजनों के कारण देर रात्रि तक खाटू बाबा के श्रोता बैठे रहे।इस दौरान आयोजक समिति ने बेहतर लाईटिंग साउंड सिस्टम और बस स्टैंड में सभी श्रद्धालुभक्तगणों के लिए बैठने की अच्छी व्यवस्था की थी बताया जा रहा है कि सिंगोड़ी में लंबे समय के बाद ऐसा कोई बड़ा आयोजन हुआ जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

# टोल पूरा, मेंटेनेंस अधूरा, अधिकारी मौन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

स्टेट हाईवे 19 , छिंदवाड़ा टू पिपरिया पर लगे टोल पर टोल तो पूरा - पूरा वसूला जा रहा है , लेकिन शर्तों के मुताबिक मेंटेनेंस नाम मात्र का या अधूरा है । टोल ठेकेदार और उनके कर्मचारियों कि इस लापरवाही और मनमानी पर सड़क विभाग के अधिकारी भी मौन है । फ़जीहत इस हाईवे पर आवागमन करने वाले वाहनों और लोगों की हो रही है ।स्टेट हाईवे छिंदवाड़ा से मटकुली के बीच दो टोल स्थापित हैं । एक टोल गाँगीवाड़ा में है , दूसरा कुआँबादला में है । इनके बीच की दूरी लगभग 54 किलो मीटर है । इस सड़क के रख - रखाव की जिम्मेदारी टोल ठेकेदार दार की है । सड़क मेंटेनेंस के नाम पर गाहे - बगाहे किसी खास अवसर पर , मंत्रियों , विशेष अधिकारियों के इस हाईवे से गुजरने के दौरान सड़क पर मौजूद डिवाइडरों का रंग - रोंगन होता है । सांकेतिक बोर्डों की मरम्मत होती है । गड्ढे भरे जाते हैं । वह भी तब जब सड़क अधिकारियों को फटकार लगने का डर होता है । नगर पंचायत न्यूटन में सड़क पर ऐसे गड्ढे हो गए हैं , जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं ।

डिवाइडर मैले हो गए हैं , रात के समय दिखाई नहीं पड़ते । ऊपर से डिवाइडर से सटकर यदि कोई काले रंग का जानवर बैठा होता है तब और खतरा बढ़ जाता है । लगभग दो माह पूर्व न्यूटन में सड़क के गड्ढों और डिवाइडर के रंग - रोंगन को लेकर खबर प्रकाशित हुई थी तब एम पी आर डी सी अधिकारी के द्वारा बारिश का मौसम निकलने के बाद सड़क मेंटेनेंस कराने की बात की गई थी , पर कुछ नहीं हुआ । यही हाल दोनों टोल के बीच कई जगह है । अब कुछ स्थानीय लोग सी एम हेल्पलाइन में शिकायत करने की बात कह रहे हैं ।

## लालबाग चौक में हुआ संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ



**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा चंदन मोखलगाय जी बालाजी एडवरटाइजिंग के संचालक, एवं वार्ड पार्सद आकाश मोखलगाय जी के निजनवास लालबाग चौक छिन्दवाड़ा,में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,सचिन साहू,विक्की नोथानी,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,अतुल विश्वकर्मा,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,राम शुक्ला,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,गौरब पटेल,चंचलेश मालवीय,गौरव-सौरव मर्सकोले,अंकित वसूले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,अनित साहू,विनय सानोडिया एवं समस्त साहू परिवार के साथ साथ समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है ग्रुप द्वारा कई वर्षों से धर्म का प्रचार.प्रसार किया जा रहा है साथ ही सभी को जोड़ा जा रहा हैं।

## गुदमा में मंडई एवं छत्तीसगढ़ी नाच का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया



हरिभूमि न्यूज उकवा।

जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत उकवा क्षेत्र में लगातार मंडई मेले का दौर शुरू है जिसका लुप्त क्षेत्र की जनता हर साल की तरह इस साल भी भरपूर पूरे उत्साह से उठा रही है । देवउठनी एकादशी के दिन भरने वाली गुदमा मंडई जिसमें आसपास के ग्रामों से हजारों की संख्या में लोग घूमने आते हैं जिसे ग्यारस मंडई के नाम से जाना जाता है जिसमें मंडई समिति ग्राम पंचायत एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का भरपूर सहयोग मिलता है मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम की सरपंच श्रीमती मालती वडकडे उप सरपंच श्री सौरभ गोदरे एवं ग्राम के वरिष्ठ बुजुर्ग नागरिक सर्वधर्म सेवा समिति अध्यक्ष श्री जेम्स बारिक पूर्व सरपंच अशोक वडकडे पूर्व उपसरपंच गौरा बाई अंगारे सूरज कटरे रवि पटेल रमेश निकोसे चिंतामन गढ़पाले आदि की उपस्थिति में पारंपरिक ग्वारी नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसमें प्रथम पुरस्कार 2001 रुपए सरपंच की ओर से द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपए रमेश निकोसे की ओर से एवं तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए साथ ही विजेता ट्रॉफी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली नृत्य मंडली को संदीप गजभिए एवं अमित कुमार की ओर से प्रदान की गई । रात्रि में सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई जिसका लुप्त दर्शकों ने सुबह 6:00 बजे तक उठाया ।

## छात्रावास में पढ़े हुए बच्चे भी बनते है कलेक्टर-एसपी--विवेक पटेल
# शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावासा में मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी की ग्रामे पंचायत झालीवाड़ा में शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर बालक छात्रावास में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस विधायक विवेक विक्की पटेल के मुख्य अतिथि में मनाया गया। कार्यक्रम में पहुँचने पर विधायक विवेक विक्की पटले का छात्रावास अधीक्षक सौरभ मेश्राम व छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से स्वागत किया गया। जिसके बाद सभी अतिथियो द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम में विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते छात्रावास की बालिका अंशु गजभिये को कक्षा 10 वी कक्षा में 96 प्रतिशत अंक हासिल कर छात्रावास का नाम रोशन करने कर लिए प्रमाण पत्र और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य और नाटक के माध्यम से पढ़ाई के महत्व को बताया।



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि छात्रावास इसलिए खोला जाता हैं कि दूर से आये हुए बच्चे वहाँ रहकर पढ़ाई करें। छात्रावास हमें अनुशासन सिखाता हैं, छात्र-छात्राऍ अपने माता पिता को छोडक़र छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर करते हैं। बच्चों के माता-पिता चाहते है कि हमारे बेटा-बेटी पढ़ाई करके नौकरी करे या समाज की सेवा करे। पिता खुद पुराने कपड़े पहनता हैं, मगर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देता है। मेहनत की कमाई अपने बच्चों को पढ़ाने में लगा देता है। बाबा साहेब कौन थे? महात्मा गाँधी कौन थे? सभी को पता रहना चाहिए। पढ़ाई के वक्त समय लौटकर कभी नहीं आता हैं, आप लोगों को अभी से तय करना चाहिए कि हमें आगे चलकर क्या बनना हैं।

इस दौरान छात्रावास अधीक्षक सौरभ मेश्राम, जागेंद्र वासनिक, तेजराम नगपुरे, महादेव ठाकरे, विशाल वाहने, उदेलाल तुरकर, प्रताप अडमे, खुशाल राहंगडाले, जितेंद्र पटले, दशरथ आमाडारे, मनोज टेंभरे, अरविंद देशमुख, सुरेश बारेकर, हेमलता सलामे, सुनीता पटले, संगीता वैष्णव सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## तनाव प्रबंधन हेतु आंतरिक शक्ति को बढ़ाना पर ऑनलाईन प्रेरणा सत्र का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव को ध्यान में रखते हुए मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग म0प्र0 शासन द्वारा 'तनाव प्रबंधन हेतु आंतरिक शक्ति को बढ़ाना' विषय पर 29 अक्टूबर को ऑनलाईन प्रेरणा सत्र आयोजित किया गया। यह ऑनलाइन सत्र महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 शिव कुमार रॉय चेयरमेन फोर्थ वॉयस मीडिया नेटवर्क पॉईंट आउट ग्रुप नई दिल्ली थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को तनाव प्रबंधन एवं आंतरिक शक्ति को बढ़ाने पर विविध व्यावहारिक उदाहरणों समेत अपना व्याख्यान दिया। इस ऑनलाइन सत्र में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम समेत सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, जनभागीदारी शिक्षक समेत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## जीरो हेलमेट टॉलरेंस - दूसरे दिन भी लांजी पुलिस ने की चालानी कार्यवाही
# लांजी बस स्टैण्ड में पुलिस की कार्यवाही 18 वाहनों से 5400 चालान शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज लांजी।

बालाघाट जिले में 1 नवंबर जीरो हेलमेट टॉलरेंस को लेकर एक बडा अभियान जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक मार्गदर्शन एवं निर्देशन में चलाया जा रहा है। जिसको लेकर जिला पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने समस्त जिले वासियों से अपील भी कि है 1 नवंबर से इस अभियान सहभागिता करें। नो हेलमेट नो राईड आपने जिले की जनता के सामने कुछ आकडे भी रखते हुये कहा कि 7 हजार 900 लोगो ने सडक़ दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाई है। इनमे से 80 प्रतिशत से ज्यादा लोगो की जान बचाई जा सकती थी यदि वे हेलमेट का प्रयोग कर लेते तो। और दुसरी ओर जो गलत फहमी हम लोग पालते है कि शहर से बहार हाईवे में ज्यादा जाने जाती है या दुर्घटनाऐं होती है इस हेतु भी पुलिस कप्तान ने आकडे सामने रखे है कि वर्ष 2024 में पूरे मध्यप्रदेश की बात की जाये तो करीबन 60 प्रतिशत से ज्यादा जो लोगो ने अपनी जान गंवाई है वह शहरो के अन्दर हुई है। इसलिये मेरी सभी वर्ग से जिसमे स्कूली छात्र छात्राऐं, महाविद्यालय के छात्र छ्रात्राऐं, शासकीय अधिकारी कर्मचारी, सभी विभाग, जनता से अपील है कि हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें यह आपकी स्वयं की सुरक्षा के लिये कारगर है। इसी अभियान को गति देते हुये लांजी पुलिस के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में एसडीओपी ओमप्रकाश भापुसे के निर्देशन, थाना प्रभारी दीपसिंह परमार के नेतृत्व में अभियान के दूसरे दिन भी लांजी बस स्टैण्ड मे चालानी कार्यवाही की गई। पुलिस के द्वारा लगभग 18 लोगो से चालानी कार्यवाही करते हुये 5400 रूपये समंस शुल्क भी वसुला गया है। आज की इस कार्यवाही में प्रमोद बागरी ए एस आई, आरक्षक संजय भांजेकर, जितेंद्र पंद्रे, महेंद्र कुशवाह, अनारकली भारद्वाज, सुजीत पाल सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



## पॉली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** पॉली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख श्रीमती वंदना वैद्य और प्राचार्य श्री बी.एल. लिल्हारे द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर रंगोली, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्न मंच व प्रदेश में उद्योग व रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। रंगोली प्रतियोगिता में डी.एल.एड. प्रथम वर्ष से प्रथम स्थान पर गायत्री भगत और ज्योति गौतम रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में बी.एस.सी.बी.एड. पाँचवे सेमेस्टर से प्रथम स्थान पर जिनत और ग्रुप रहे। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में डी.एल.एड. प्रथम वर्ष से प्रथम स्थान पर रौनक और ग्रुप रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय श्री बी.एल. लिल्हारे और समस्त महाविद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश की गौरवशाली यात्रा और समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# विधायक विवेक पटेल ने किसानों के साथ खेत पहुँच कर खराब हुई फसलों का किया निरीक्षण

### खराब हुई फसलों का सर्वे करवाकर किसानों को मुआवजा राशि दे प्रदेश सरकार-विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पिछले दिनों रुक-रुक कर हुई बारिश ने किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया हैं। लगातार बारिश से खेतों में जगह-जगह पानी भर गया हैं, धान की खडी फसल खराब हो चुकी हैं। खेतों में खड़ी धान की फसल पानी में डूबने से बाली में सडऩ आने लगी हैं, किसानों के अनुसार आई तेज आंधी और बारिश से फसले पहले ही प्रभावित हो चुकी है। जिसके बाद शुरू हुई लगातार बारिश ने बची उम्मीद भी खत्म कर दी है। तेज बारिश और आंधी ने फसलों को पूरी तरह चौपट कर दिया हैं।

शुक्रवार को वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने जिले के कलेक्टर और कृषि विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया था कि किसानों की खराब हुई फसलों का जल्दी सर्वे करवा कर किसानों को मुआवजा दिया जाये। शनिवार को विधायक विवेक विक्की पटेल ग्राम बिटोड़ी पहुँचे और किसानों के साथ खेत पहुँच कर नष्ट हुई फसलों का जायजा लिया। जहां उन्होंने खेत में सड़ी हुई फसलों को हाथ में पकड़ कर देखा और जल्द ही सर्वे करवा कर किसानों को मुआवजा देने की बात कही।



फसलों के नुकसान के बाद भी बीमा कंपनी, राजस्व विभाग और कृषि विभाग की टीमों द्वारा अब तक किसी प्रकार का सर्वे नहीं किया गया हैं। किसानों का कहना है कि हर साल बीमा का प्रीमियम भरने के बावजूद नुकसान की स्थिति में कोई अधिकारी खेतों तक नहीं पहुंचता हैं। सर्वे कागजों में पूरा कर दिया जाता है और किसानों को कुछ नहीं मिलता। किसान लगातार प्रशासन से वास्तविक सर्वे और राहत राशि की मांग करते रहता हैं, मगर शासन, प्रशासन द्वारा किसानों की मांगों को अनसुना करते हैं और उन्हें सिर्फ अंत में झुनझुना ही मिलता हैं।

## खबर संक्षेप

### भक्ति, दीपोत्सव और जागरूकता का संगम माँ ज्वाला देवी सिद्धपीठ में 113वाँ संगीतमय सुंदरकांड पाठ संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भक्ति, आस्था और सामाजिक चेतना का संगम अब सिवनी के भैरोगंज में निरंतर विस्तार पा रहा है। माँ आदिशक्ति ज्वाला देवी सिद्धपीठ में इस सप्ताह 113वाँ संगीतमय सुंदरकांड पाठ दीपावली उत्सव की एकादशी तिथि पर अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भक्ति-भाव से संपन्न हुआ।

यह आयोजन लगातार 113 सप्ताह से बिना अवरोध के जारी है जो न केवल धार्मिक परंपरा, बल्कि सामाजिक अनुशासन और नागरिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन चुका है।

### रामगोपाल नामदेव खेल शिक्षक के रिटायरमेंट मे शानदार विदाई समारोह का आयोजन

केवलारी- 1983 बेच के शासकीय शिक्षको का 62 बर्ष आयू पूर्ण करने पर दिनांक 31अक्टूबर को पूर्ण अवकाश प्राप्त हुआ है ।इसी कडी में सांदीपनी विद्यालय के खेल शिक्षक रामगोपाल नामदेव का 42 बर्ष सेवा के बाद आज रिटायर्डमेंट होने पर विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय परिसर मे रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर शानदार विदाई दी।एल आर बछालिया प्राचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय के प्रार्थना परिसर में आयोजित विदाई समारोह का भव्य आयोजन नामदेव के परिवार जनों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों व शिक्षको की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आयोजित हुआ।

### जिला अधिवक्ता संघ के सहसचिव पद में निर्विरोध निर्वाचित हुए अधिवक्ता ऋषभपाल सिंह



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला अधिवक्ता संघ सिवनी की दिवर्षीय निर्वाचन2025-27 की प्रक्रिया चल रही है। जिसमे सहसचिव पद हेतु एक मात्र नामांकन अधिवक्ता ऋषभपाल सिंह बघेल द्वारा चुनाव अधिकारी के पास जमा किया गया था। सभी पदो के नामांकन फॉर्म की स्क्रूटनी में पाया गया की सहसचिव पद हेतु एक मात्र नामांकन अधिवक्ता ऋषभपाल सिंह बघेल द्वारा जमा किया गया हैं। इस वजह से वे सहसचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। सहसचिव पद में निर्विरोध निर्वाचित होने पर अधिवक्ता ऋषभपाल सिंह बघेल ने संघ के सभी सम्मानित सदस्यगण वरिष्ठ,कनिष्ट एवं साथी अधिवक्तागणों का आभार जताया है।

### विद्यालय में सेवानिवृत्ति कार्यक्रम संपन्न

सिवनी - नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु/उ.मा विद्यालय भैरोगंज सिवनी में 30 वर्षो से अधिक विद्यालय में सेवा देने वाले वरिष्ठ आचार्य श्री अनिल नाविक एवं श्री अशोक बागवान का विवेकानंद बाल कल्याण समिति परिवार द्वारा विदाई अभिनंदन समारोह विगत दिवस संपन्न हुआ। अभिनंदन समारोह में आप दोनो एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन, दीप मंत्र एवं वंदना के साथ आयोजन का शुभारंभ किया।

मक्का-धान की नरवाई जलाने की अनुमति और मक्का का समर्थन मूल्य 2400 रु. तय करने की मांग

# कलेक्टर को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, बोले किसान अवशेष न हटे तो रबी फसल बुवाई संभव नहीं

खरीफ फसल मक्का और धान के अवशेष (नरवाई) को जलाने की अनुमति देने एवं वैकल्पिक प्रबंधन की व्यवस्था करने की मांग को लेकर सैकड़ों किसान शनिवार को जिला मुख्यालय पहुँचे। आधा दर्जन किसान संगठनों के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि जिले में मुख्य रूप से मक्का और कुछ इलाकों में धान की फसल ली जाती है।





मक्का तुड़ाई के बाद खेतों में इतनी अधिक कड़बियाँ बच जाती हैं कि पूरा खेत ढक जाता है। इससे रबी फसल, विशेषकर गेहूं की बुवाई असंभव हो जाती है।

किसानों के पास इन अवशेषों को हटाने का कोई प्रभावी साधन नहीं है। किसानों ने मांग की कि- प्रशासन सरकारी मशीनीकरण, दवा या तकनीकी उपायों के माध्यम से 2-3 दिन में अवशेष साफ करने की व्यवस्था करे, या फिर नरवाई जलाने की अनुमति प्रदान की जाए। यदि समय पर खेत तैयार नहीं हुए तो रबी फसल की बोवनी नहीं हो पाएगी, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि- सरकार ने मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2400 रुपये प्रति क्विंटल तय किया था, किंतु वर्तमान में बाजार में किसानों से मात्र 1600 रुपये प्रति क्विंटल के दर पर खरीदी हो रही है। महंगी खाद, बीज और कीटनाशकों के कारण लागत बढ़ गई है, जबकि कम दाम मिलने से किसानों को भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सांसद, विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष से जवाब तलब करेंगे।

# बीएलओ एप में डाटा मैपिंग की प्रगति कम होने पर कारण बताओ नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ एप के माध्यम से किए जा रहे डाटा मैपिंग कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं रहने पर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने वाले बीएलओ के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। सिवनी विधानसभा क्षेत्र के 10 प्रतिशत से कम प्रगति दर्ज कराने वाले 28 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी प्रकार बरघाट विधानसभा के 8, केवलारी के 7 तथा लखनादौन के 1 बीएलओ को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित बीएलओ निर्धारित समयसीमा में अपने कार्य की प्रगति सुधारें, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### कोदो-कुटकी उपार्जन हेतु पंजीयन की तिथि 9 नवंबर तक बढ़ी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** /जिले में कोदो-कुटकी के उपार्जन हेतु किसानों का पंजीयन कार्य जारी है। शासन द्वारा कृषक हित को ध्यान में रखते हुए पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 9 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है।

जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के पूर्व ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी फसल कोदो-कुटकी का पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

पंजीयन की सुविधा के लिए जिले में पांच पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं सेवा सहकारी समिति छपारा, सेवा सहकारी समिति धूमा, सेवा सहकारी समिति घंसौर, सेवा सहकारी समिति केदारपुर एवं सहकारी प्रक्रिया एवं वितरण संस्था लखनादौन।

## गौडवाना राज्य से जन्मा मध्यप्रदेश प्राकृतिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं अध्यात्मिक विरासतों से भरा हृदय प्रदेश है- चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



डी.पी. चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी में मध्य प्रदेश के 70 वे स्थापना दिवस के आयोजन में महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.रामकुमार चतुर्वेदी द्वारा उक्त आशय के उदगार व्यक्त किए गए डॉ रामकुमार चतुर्वेदी ने इस बात भी गंभीरता से बल दिया कि मध्यप्रदेश में जो महत्व जनजाति वर्ग को मिलना चाहिए था उससे वह उपेक्षित रहा,और राजनैतिक रूप से महाकौशल क्षेत्र भी इस उपेक्षा का शिकार रहा है यदि ऐसा नहीं होता तो आज मध्यप्रदेश विकास की उन ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा होता जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती।

विधि विभागाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव ने स्वाधीनता आंदोलन से लेकर त्रेता द्वापर की घटनाओं के संदर्भ में मध्यप्रदेश की भूमिका का उल्लेख करते हुए सिवनी की विशेषता को अभिव्यक्त किया।प्राध्यापक डॉ.महेन्द्र नायक ने मध्यप्रदेश की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए विगत दिवस एक जिम्मेदार विभाग द्वारा घटना के संदर्भ में पूरे देश में प्रदेश की चर्चा के प्रसंग को विशेष गंभीरता से व्यक्त किया। श्रीमति अन्नपूर्णा मिश्रा ने मध्यप्रदेश की जीवन शैली आदि को व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला।प्राध्यापक रामेश्वर पांडे ने मध्यप्रदेश के उत्पादन को मिले जी आई टेग का उल्लेख करते हुए यहां के उत्पादों के महत्व को बताया। प्राध्यापक श्रीमति वैशाली नीलेश गौडिया ने अपना उद्बोधन अंग्रेजी में देते हुए अन्य प्रदेशों की तुलना में मध्यप्रदेश के महत्व को बताया। प्राध्यापक अनिकेत अहिरवार ने मध्यप्रदेश की गौरवशाली सनातन व सांस्कृतिक परंपरा पर प्रकाश डाला। एवं एल-एल. एम.,एल- एल. बी. और बी. ए. एल- एल. बी. के विधार्थियों में ललिता मोहनिया,काजल चक्रवर्ती, राजेन्द्र ठाकुर, कार्तिक पाल, अंजली उइके, हर्षित उपाध्याय,श्रुत जैन आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सभी विधार्थियों व स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# छपारा नगर के पुराने बाजार स्थित हार्डवेयर गोदाम में लगी आग

## लाखों का सामान जलकर खाक

**छपारा :- नगर के पुराने बाजार स्थित एक हार्डवेयर दुकान के गोदाम में गत शनिवार रात लगभग 10:30 बजे के आसपास अचानक आग लग गई जो देखते देखते विकराल रूप धारण कर ली। इस घटना में गोदाम के अंदर रखा लाखों रुपये का हार्डवेयर सामान जलकर राख हो गया, जिससे व्यापारी को भारी नुकसान हुआ।**



वहीं स्थानीय लोगों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया, साथ ही गनीमत यह रही कि आग लगने की घटना को समय रहते आस-पड़ोस के लोगों ने देख लिया,जिससे स्थानीय निवासियों ने तुरंत सजगता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग तेजी से फैल रही थी, जिस पर काबू पाने के लिए स्थानीय लोगों ने अपने घरों से पाइपलाइन की सहायता ली। उनकी त्वरित कोशिश और सूझबूझ के चलते आग को नगर परिषद के दमकल वाहन के पहुंचने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। वहीं जानकारी मिलते ही मौके पर नगर निरिक्षक खेमेंद्र कुमार जैतवार ने भी पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी गई।

### हुआ लाखों का नुकसान

बताया जा रहा है कि उक्त गोदाम नगर के पुराने बाजार स्थित व्यवसायी कासिम अली हार्डवेयर व्यापारी के यहां अज्ञात कारणों से आग लगी जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने तत्काल कासिम अली को दी। नगर परिषद छपारा का अग्निशमन वाहन सूचना पर मौके पर पहुंचा, किंतु तब तक आग पर काफी हद तक काबू पाया जा चुका था, इसलिए उसे वापस लौटना पड़ा। हालांकि, आग पर काबू पाने में हुई कुछ देरी के कारण, गोदाम के अंदर रखी हुई सभी सामग्रियाँ जलकर खाक हो गईं वहीं व्यापारी के बतायनुसार लाखों रुपये का बड़ा नुकसान हो गया है।

## सहायक आयुक्त लालजीराम मीणा ने धनौरा विकासखंड में ली समीक्षा बैठक




धनोरा । 02 नवम्बर 2025 को जनपद पंचायत धनोरा के सभाकक्ष में विकासखण्ड धनौरा अंतर्गत हाईस्कूल एवं शास. उच्च. माध्य. विद्यालयों के प्राचार्य से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी की समीक्षा की, ओर नवागत सहायक आयुक्त सिवनी लालजीराम मीणा ने समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया कि जिले की नवागत कलेक्टर शीतला पटले की मंशानुसार छात्र/छात्राओं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी करायें, तथा शिक्षकों को ई-अटेंडेस लगाने के लिए प्रेरित करायें। छात्रावास/आश्रम अधीक्षकों को छात्रावास/आश्रमों में साफ-सफाई तथा उचित भोजन व्यवस्था की जाये। शासन के निर्देशानुसार छात्रावास / आश्रम संचालित किया जावे। इस बैठक में सहायक आयुक्त लालजीराम मीणा, विकासखण्ड अधिकारी नीरज दुबे, सुधीर राजनेगी, अभिषेक त्रिपाठी, अरूण कुमार कुमरे, राकेश कुमार सैयाम उपस्थित रहे।

## बाल विवाह रोकथाम हेतु महिला बाल विकास द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित




सिवनी संचालनालय भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर महोदया श्रीमती शीतल पटले के निर्देशानुसार देवउठनी ग्यारस 2025 के अवसर पर होने वाले बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में विगत दिवस बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान, जिला अस्पताल परिसर ,जिला सिवनी में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणामों को बताते हुए कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है।बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।आज भी बाल विवाह हो रहे हैं और इसे रोकने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित बाल कल्याण समिति अध्यक्ष मुकेश सेन ने बाल विवाह पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम बालिका एवं 21 वर्ष से कम बालक का विवाह बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह समाज की प्रगति में बाधक है। बाल कल्याण समिति के द्वारा हमेशा प्रयास किए जाते हैं कि बाल विवाह नहीं होने देंगे। बाल विवाह की सूचना हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर संपर्क करने का आग्रह भी किया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं अधिवक्ता श्री अखिलेश यादव ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की व्याख्या करते हुए बताया कि यह अधिनियम बाल विवाह को प्रतिबंधित करता है। पीड़ितों को सुरक्षा एवं राहत प्रदान करता है। इसे बढ़ावा देने एवं संपन्न करने वालों के लिए दंड का प्रावधान है।इस अधिनियम के तहत बाल विवाह अमान्य करने योग्य है ,

## अपर कलेक्टर श्री चनाप ने बरघाट में आयोजित बीएलओ प्रशिक्षण का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप ने आज बरघाट विधानसभा क्षेत्र में आयोजित बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा पुनरीक्षण कार्यों के दौरान किए जाने वाले दायित्वों से अवगत कराया। श्री चनाप ने प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ विशेष पुनरीक्षण के दौरान की जाने वाली डाटा मैपिंग की कार्यवाही को लेकर अपना मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बीएलओ अपने क्षेत्र में मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को शत-प्रतिशत सटीकता के साथ पूर्ण करें, ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे। कार्यक्रम में निर्वाचन संबंधी अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर भी उपस्थित रहे

देवउठनी एकादशी पर रुद्रावतार हनुमान मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# संगीतमय सुंदरकांड, तुलसी पूजन, महाआरती और आतिशबाजी से गूंजा परिसर



देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर सर्किट हाउस चौक, जिला अस्पताल गेट के समीप स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर में शनिवार को भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। दिनभर मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु हनुमान जी के दर्शन के लिए पहुंचे और दिनभर जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

मंदिर के मुख्य पुजारी अर्जुन पंडा ने बताया कि देवउठनी एकादशी पर्व पर संध्या 6 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के दौरान भजन और चौपाइयों की मधुर धुनों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भगवान श्रीराम और हनुमान जी की महिमा में लीन होकर भक्ति रस में डूब गए।

सुंदरकांड पाठ के बाद भगवान रुद्रावतार हनुमान जी की भव्य महाआरती की गई। आरती के दौरान सैकड़ों दीपों की ज्योति से मंदिर परिसर जगमगा उठा। भक्तों ने जय जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों के साथ आरती में सहभागिता की।

महाआरती के उपरांत मंदिर प्रांगण में तुलसी पूजन का आयोजन हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों ने बारी-बारी से तुलसी माता की पूजा-अर्चना की और परिवार तथा समाज की मंगलकामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने भी पारंपरिक विधि से तुलसी पूजन में भाग लिया। पूजन के बाद मंदिर के सामने रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आसमान में जगमगाते रंगीन पटाखों ने उत्सव का दृश्य और भव्य बना दिया। इसके पश्चात हनुमान जी महाराज को साबूदाने की खीर का भोग लगाया गया। भोग के बाद सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में खीर वितरित की गई। हजारों भक्तों ने बारी-बारी से महाप्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष देवउठनी एकादशी पर यहां विशेष आयोजन होता है, जिसमें सुंदरकांड, आरती, तुलसी पूजन और प्रसाद वितरण की परंपरा निभाई जाती है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, एकता और धार्मिक चेतना का संदेश फैलाना है। कार्यक्रम में मंदिर समिति के सदस्य, स्थानीय नागरिक, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।।

## बाल विवाह रोकथाम हेतू पुलिस व प्रशासन की भूमिका/कार्ययोजना विषय पर कार्यशाला

सिवनी जिला प्रशासन व पुलिस की संयुक्त पहल अंतर्गत ₹वन स्टॉप सेंटर₹ व महिला बाल विकास विभाग के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय नर्सिंग कॉलेज सिवनी में बाल विवाह मुक्त समाज हेतू कार्ययोजना तैयार की गई, जिला पुलिस की ओर से बाल विवाह रोकथाम हेतू पुलिस की भूमिका विषय पर निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा विस्तार से संबोधित करते हुए बालक/बालिकाओ को बाल विवाह व लैंगिक अपराधों से सुरक्षा हेतू बाल विवाह निषेद्य अधिनियम 2006,पोक्सो एक्ट 2012,डॉयल 112,चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 1090, साइबर हेल्प लाइन 1930, की जानकारी सांझा की गई व बाल विवाह रोकथाम हेतू विद्यालय स्तर पर काउंसलिंग, सोशल मीडिया से अनजान लोगों से होने वाले संपर्क से बालक,बालिकाओ को कैसे सुरक्षित करें, इस हेतू प्रत्येक जिले में महिला थाना, व प्रत्येक थानों में महिला ऊर्जा डेस्क व महिला अधिकारी की पदस्थापना,चाइल्ड फ्रेंडली कक्ष व बाल कल्याण अधिकारी की नियुक्ति और बच्चों के गुम होने के प्रकरणों में गुम इंसान के साथ साथ अपहरण की धाराओं में विवेचना और ₹ऑपरेशन मुस्कान₹ के तहत पुलिस किस तरह संवेदनशीलता से लगातार कार्य कर बच्चों को खोजकर उनके जीवन को सुरक्षित करती हैं व नाबालिकों के साथ समय न्यायोचित से पूर्व कोई भी घटना न हो को सुनिश्चित कर रही हैं। इस कार्यशाला में बाल कल्याण समिति,किशोर न्याय बोर्ड, जनप्रतिनिधि,विधि विशेषज्ञ, विद्यालयों से प्रतिनिधि शिक्षक, शिक्षिकाएं,पुलिस बाल कल्याण अधिकारी,महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी गण व पर्यवेक्षक,आंगनवाड़ी,आशा, उषा कार्यकर्ता, विवाह पंडाल, डीजे व लॉन संचालक, पुरोहित सभी स्टैक होल्डर्स की गरिमामय उपस्थिति रही व अतिथियों ने अपने विचार व कार्ययोजना सांझा की।

## मामला जप लालबर्रा का - दो वर्षों में संपूर्ण मदों से आहरण की गई राशि की हो जांच

# ग्राम पंचायत भांडामुर्री मे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा, अजब भ्रष्टाचार की गजब कहानी

## पंचों ने की निष्पक्ष जांच की मांग, सीएम हेल्पलाइन में लंबित, शिकायतो की भी हो निष्पक्ष जांच

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट जिले की जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के पंच एकजुट होकर सरपंच और सचिव के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है शुक्रवार को भाण्डामुर्री के पंच जनपद पंचायत लालबर्रा पहुंचे और पंच सरपंच मानदेय में घोटाला एवं एवं संपूर्ण मदों से फर्जी तरीके से राशि का आहरण किया गया है इस बात को लेकर पंचो द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा के नाम से खंड पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। और पंचों द्वारा ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव पर आरोप लगाया गया कि बीते 2 वर्षों मे हम पंचगणों को पंचायत की बैठकों में किसी भी प्रकार का पंचायत में किए गए खर्चों का हिसाब किताब नहीं दिया गया है हम पंच गणों ने पिछले 2 साल से यह मांग रखी थी कि हम सभी पंचगणो द्वारा पंचायत मासिक बैठकों में आय व्यय की जानकारी चाही थी लेकिन आज दिनांक तक सिर्फ यह बोलकर बात को टाल दिया गया कि अगली बैठक में देंगे इसकी शिकायत हम पंचो द्वारा पहले भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा को कर चुके हैं लेकिन अभी तक ना जांच हुई है ना आय व्यय की जानकारी दी गई है सिर्फ भरोसा ही दिलाया गया कि आने वाली पंचायत कि बैठक में सब जानकारी दिया जाएगा तथा आने वाली फिर बैठक ही नहीं होती दूसरे तीसरे महीने ऐसा करते हुए हमारे पंचायत के सचिव, सरपंच ने पूरे 3 वर्ष निकाल दिए जबकि जहां तक पंचायत के विभिन्न पोर्टल के माध्यम से हम पंचगणों को यह पता चला कि 60 लाख से भी अधिक की राशि सरपंच और सचिव द्वारा फर्जी तरीके से निकाल ली गई है जिसमें ग्राम पंचायत सचिव एवं सरपंच की सांठ गांठ समझ आ रही है हमें पंचायत पोर्टल के माध्यम से यह जानकारी मिली है कि लाखों के बिल वाउचर वेंडर बनाकर आहरण किया गया है जो कि हम पंचगणों एवं ग्राम वासियों को सरपंच और प्रभारी सचिव द्वारा बेवकूफ बनाया जा रहा है हमारी पंचायत में जो भी विकास के कार्य हो रहे हैं और हम पंचगणों को ऐसा महसूस हो रहा है की शासन द्वारा पैसा आ रहा है उसका सरपंच एवं सचिव भ्रष्टाचार करके गबन कर रहे हैं इसलिए सरपंच और सचिव हम पंचगणों को बैठकों में हिसाब किताब नहीं दे रहे हैं। पंचों ने मांग की है कि ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री में बीते दो ढाई सालों में शासन द्वारा आवंटित राशि से कराए गए निर्माण कार्य और खर्च की राशि की निष्पक्ष जांच की मांग की गई जिससे यह पता चल सके कि ग्राम पंचायत में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है.?





### पंचों ने लगाई कलेक्टर से गुहार. भ्रष्टाचार की हो निष्पक्ष जांच

ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के उप सरपंच राजकुमार मरठे,पंच छत्रपाल पारधी, कन्हैया यादव, देवानंद बिसेन, शंकरदास तुम्मने व अन्य पंचों ने शिकायत और मीडिया के माध्यम से बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा से गुहार लगाई है और मांग की है कि लालबर्रा जनपद की ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री मे 3 वर्षों मे पंचायत द्वारा कराए गए निर्माण कार्य और आहरण की राशि की जिला स्तरीय समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कराये जिससे भ्रष्टाचार का खुलासा हो सके। और शासकीय राशि के हो रहे दुरुपयोग को रोका जा सके।

### पंच मानदेय घोटाला... नहीं मिली पंचों को मानदेय की राशि

ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के पंचों ने बताया कि हमें आज तक पंच मानदेय की राशि नहीं मिली, क्यों नहीं मिली यह बहुत ही बड़ा सवाल है. आखिर कहां गई पंचों के मानदेय की राशि यह आज तक रहस्य बनी हुई है। हम पंचों द्वारा पंच, सरपंच मानदेय घोटाले के संबंध में सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत किया गया लेकिन आज तक इसकी निष्पक्ष जांच नहीं हो पाई जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद है और वह भ्रष्टाचार को अंजाम देने में लगे हुए हैं आखिर क्या कारण है कि पंचों द्वारा अनेकों शिकायत उपरांत भी उक्त मामले पर संज्ञान नहीं लिया जा रहा है जो प्रशासन की कार्यशैली पर कई बड़े सवाल खड़े करता है। पंचों ने चर्चा में कहा कि ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री में किए गए भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच नहीं की गई तो हम धरना प्रदर्शन पर करने विवश हो जाएंगे जिसकी संपूर्ण जवाब देही शासन और प्रशासन की होगी। अब देखना होगा कि ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के सरपंच और सचिव द्वारा शासकीय राशि में की गई हेरा फेरी और किए गए भ्रष्टाचार की जांच कब होती है।

### इनका कहना हैं

अभी तक दो ढाई सालों में हमें पंच मानदेय नहीं मिला है। और पंचायत में अनियमितताएं व्याप्त है जिसकी निष्पक्ष जांच हो । आखिर पंच मानदेय की राशि कहां गई हमारे द्वारा इसकी शिकायत जनपद में भी की गई थी लेकिन आज तक जांच नहीं की गई शिकायत की जांच ना होना हमारे अधिकारों का हनन है।

**राजकुमार मरठे,**
**उपसरपंच भाण्डामुर्री**

---

## एमएमसी जोन प्रभारी रामदेर की हथियारबंद गार्ड

# महिला नक्सली सनीला ने किया आत्मसमर्पण

## पहली बार में पहली बार नक्सली आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट/लांजी।

चार दशक से भी ज्यादा समय से नक्सली समस्या से जूझ रहे बालाघाट जिले के लिए यह एक अच्छी खबर है कि पहली बार किसी महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया है। बालाघाट में हॉकफोर्स के सहायक सेनानी के समक्ष, महिला नक्सली सनीला के आत्मसमर्पण किए जाने की खबर है। महिला नक्सली के बारे में बताया जाता है कि वह, एमएमसी जोन प्रभारी और सीसी मेंबर रामदेर की हथियारबंद गार्ड थी। मिली जानकारी अनुसार एक नवंबर को जिले के चौरिया में बन रहे हॉकफोर्स के कैंप में महिला नक्सली ने मुख्य धारा में शामिल होने के लिए हॉक फोर्स के सहायक सेनानी रूपेंद्र धुर्वे के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। महिला नक्सली का नाम सनीला बताया जा रहा है। जो नक्सलियों के एमएमसी जोन के प्रभारी और सीसी मेंबर रामदेर की हथियारबंद गार्ड थी। नक्सली महिला का हॉक फोर्स के समक्ष समर्पण हॉक फोर्स की विश्वसनीयता को स्थापित करता है।



पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने महिला नक्सली के आत्मसमर्पण की खबर की पुष्टि की है, उन्होंने बताया कि महिला नक्सली से पूछताछ की जा रही है और उसके आत्मसमर्पण करने की प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। जिसकी जानकारी जल्द ही मीडिया से साझा की जाएगी।बताया जाता है कि माओवादी संगठन से जुड़ी महिला नक्सली बीजापुर की रहने वाली सनीला है। जो वर्ष 2022 में नक्सली संगठन से हुई जुड़ी थी। जिसने माड़ क्षेत्र में छह माह का प्रशिक्षण लिया था। सूत्र बताते है कि एमएमसी जोन प्रभारी और सीसी मेंबर रामदेर की टीम के कई सदस्य भी आत्मसमर्पण की तैयारी में है।

---

## नागरिक आईएसआई मार्क हेलमेट ही खरीदें

### हेलमेट विक्रेता दुकानों का अधिकारियों के दल ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार 02 नवंबर को मुख्यालय बालाघाट शहर के मुख्य सड़क मार्ग पर संचालित हेलमेट दुकानों का निरीक्षण नायब तहसीलदार मंजुला महोबिया, नापतौल विभाग के निरीक्षक कछवाहा एवं पुलिस की उपस्थिति में किया गया । अंबेडकर चौक पर संचालित हेलमेट की दुकान, मार्केट रोड पर सचिन माहूले एवं नरेश चावलानी की दुकान का निरीक्षण किया गया । जिसमें दुकानदारों के पास आईएसआई ISI मार्क वाले स्टड्स एवं स्टीलबर्ड कंपनी के ISI मार्क वाले हेलमेट पाए गए । इसी कड़ी में गोंदिया रोड स्थित दुकान एवं पुलिस लाइन चौक पर संचालित हेलमेट की दुकान का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें ISI मार्क वाले हेलमेट पाए गए। दुकानों पर उपस्थित विक्रेता एवं नागरिकों को हिदायत दी गई कि वह ISI मार्क देख कर ही हेलमेट खरीदें ।



## म.प्र. सड़क विकास निगम की सड़कों का मरम्मत कार्य प्रारंभ

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में अतिवृष्टि के कारण जिले की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई थी, वर्षाकाल समाप्त होने के बाद कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर एम.पी.आर.डी.सी. ने अपने अधिनस्थ सड़कों का मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। एमपीआरडीसी के संभागीय प्रबंधक श्री दीपक आड़े ने बताया कि अतिवर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई बैहर-सालेटेकरी सड़क, सिवनी-बालाघाट मार्ग एवं बैहर-मुक्की-गढ़ी मार्ग पर मरम्मत कार्य तीव्र गति से प्रारंभ कर दिया गया है। यह मरम्मत कार्य 15 दिसम्बर-2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

---

# बालाघाट में रिटायर्ड कर्मचारी को ठगी से बचाया

### साइबर ठग ने 'डिजिटल अरेस्ट' का ड्रामा रचा, कहा- तुम्हारा नंबर अवैध काम में इस्तेमाल हुआ है

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में डिजिटल अरेस्ट का पहला मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को 15 मिनट तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा। हालांकि, कर्मचारी की जागरूकता के कारण वह ठगी का शिकार होने से बच गए।

यह घटना शनिवार को हुई, जब सालेटेका निवासी खिलाड़ी बिसेन को उनके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉलर ने खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया और कहा कि उनका एक नंबर सितंबर 2025 से पंजीकृत है, जिसका उपयोग अवैध गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

कॉलर ने बिसेन को मुंबई आकर बयान दर्ज कराने की धमकी दी। इसके बाद कॉल को कथित तौर पर आरके चौधरी नामक व्यक्ति को ट्रांसफर कर दिया गया। बिसेन ने बताया कि उन्हें तुरंत आभास हो गया था कि यह एक फर्जी कॉल है और ठग उनसे पैसे ऐंठना चाहते हैं।





जानकारी जुटाने के लिए उन्होंने बातचीत जारी रखी। वीडियो कॉल पर एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में दिखाई दिया, जबकि दो-तीन लोग सादे कपड़ों में थे। पृष्ठभूमि में मुंबई पुलिस का लोगो भी दिख रहा था। ठगों ने बिसेन को एक कमरे में बंद रहने और शोर-शराबा न करने का निर्देश दिया, ताकि वे उनका 'बयान' ले सकें।

इस दौरान बिसेन को लगभग 15 मिनट तक कमरे में रखा गया और उनसे बातचीत की जाती रही। उन्होंने ठगों के कॉल नंबर और व्हाट्सएप नंबर नोट कर लिए थे। ठगों ने उनसे आधार नंबर व्हाट्सएप पर भेजने को भी कहा था। इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया।

बिसेन ने बताया कि इसके बाद उन्होंने पहले हट्टा थाने में और फिर साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनका उद्देश्य है कि अन्य लोग इस तरह की डिजिटल ठगी का शिकार न हों और जागरूक रहें। साइबर पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।

---

# चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट के पकड़ाए नेताजी

### एसपी ने रोका तो पूर्व विधायक ने दिखाया रौब, पुलिस ने काटा चालान बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में एसपी आदित्य मिश्रा ने पूर्व विधायक उमाशंकर मुंजारे की बाइक को रोक लिया। उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। इसे लेकर एसपी और पूर्व विधायक में बहस हो गई। एसपी ने उनका 2300 रुपए का चालान काट दिया। जब मुंजारे ने चालान नहीं दिया तो एसपी ने उनकी बाइक जब्त कर थाने भेज दिया।

इसी दौरान एक बाइक सवार बिना हेलमेट के वहां पहुंचा तो उसे भी रोका गया। हेलमेट नहीं लगाने को लेकर बाइक सवार ने सॉरी कहा और नियम फॉलो करने की बात कही। इस पर एसपी मिश्रा ने बाइक सवार को धन्यवाद दिया।

एसपी से पूर्व विधायक की बहस और बाइक सवार के सॉरी के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। बता दें, बालाघाट में नो हेलमेट-नो राइड अभियान चलाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 8:30 से 9 बजे के बीच एसपी आदित्य मिश्रा अपने दल के साथ शहर के मेन रोड पर हेलमेट अभियान का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें पूर्व विधायक उमाशंकर मुंजारे बिना हेलमेट बाइक चलाते नजर आए।

एसपी ने उन्हें रोका और वाहन के कागजात मांगे। इस पर पूर्व विधायक ने नाराजगी जताते हुए कहा- “यह चोरी की गाड़ी है, क्या आप मुझसे कागज मांगेंगे?” बात बढ़ी तो दोनों के बीच बहस हो गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया।

इसी दौरान, एक अन्य बाइक सवार राजेश गांधी बिना हेलमेट मिला। उसने तुरंत “सॉरी” कहा तो एसपी ने मुस्कराते हुए उसे “थैंक यू” कहा और जाने दिया। लेकिन पूर्व विधायक से हुई बहस के बाद पुलिस ने उनका रू 2300 का चालान काट दिया। चालान की राशि जमा नहीं करने पर पुलिस उनकी बाइक को थाने लेकर गई।

एसपी आदित्य मिश्रा ने कहा पूरा शहर हेलमेट नियम का पालन कर रहा है। लेकिन कुछ लोग यह संदेश देना चाहते हैं कि नियम उन पर लागू नहीं होते। ऐसा नहीं चलेगा। कानून सबके लिए बराबर है। अगर कोई अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा, तो सख्ती से निपटेंगे। हेलमेट किसी की व्यक्तिगत सुरक्षा का नहीं, बल्कि जीवन बचाने का नियम है। “जनप्रतिनिधि अगर खुद नियम तोड़ेंगे तो जनता को क्या संदेश जाएगा।

पूर्व विधायक उमाशंकर मुंजारे ने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जब मेरा चालान काटा जा रहा था, तब कई लोग बिना हेलमेट जा रहे थे, उनका चालान नहीं किया गया। पुलिस की कार्रवाई पक्षपातपूर्ण है।

---

# थाना लामता पुलिस ने 24 घंटे में मोटरसाइकिल चोर को धर दबोचा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले की लामता पुलिस ने केवलारी निवासी विक्की सिंह मरावी (31) को बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने झाड़ियों में छिपाकर रखी गई बाइक और एक साइकिल बरामद की है। बरामद सामान की अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 35 हजार रुपए है।

थाना प्रभारी नितिन पटले ने बताया कि 31 अक्टूबर से 1 नवंबर की दरमियानी रात रेलवे गेट से बाइक चोरी होने की शिकायत मिली थी। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एक टीम गठित की गई।

टीम ने लामता और आसपास के लगभग 30 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। परसवाड़ा, लालबर्रा और बालाघाट शहर की ओर जाने वाले मार्गों पर गेटमैन विजय कुमार चौहान द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर भी पड़ताल की गई।

जांच के दौरान करीब 20 संदिग्धों और सीमावर्ती थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाशों से पूछताछ की गई, साथ ही तकनीकी विश्लेषण भी किया गया। इसके बाद टीम ने आरोपी विक्की सिंह मरावी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने जबलपुर के घमापुर थाना क्षेत्र में गन कैरेज फैक्ट्री में चोरी की वारदात और एक महंगी साइकिल चोरी करने की बात भी कबूल की।

पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बाइक और साइकिल बरामद कर ली है। आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य आपराधिक मामलों का भी खुलासा होने की उम्मीद है। पुलिस आसपास के थानों से भी आरोपी के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

---

# क्रिकेट मैच के रोचक मुकाबले में भंडारबोड़ी की टीम ने शानदार जीत हासिल की



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम साईटोला कटोरी में प्रीमियम लीग ग्रामीण स्तरी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में रविवार को भंडारबोड़ी और कटोरी की टीम के बीच मैच खेला गया । जिसमें भंडारबोड़ी की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर के 6 विकेट से जीत हासिल की । जानकारी के अनुसार पहले ट्रास जीतकर भंडारबोड़ी की टीम ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जिसमे रोचक गेंदबाजी करते हुए मुकाबला रोचक बनाया। कटोरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। 6 ओवर के मैच में 2 विकेट आऊट होकर 52 रन का स्कोर बनाया। अमित के द्वारा बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपने टीम के लिए 24 रन बनाया । टीम के अन्य खिलाड़ीयो के द्वारा भी अच्छा प्रदर्शन किया गया। भंडारबोड़ी की टीम के खिलाड़ीयो ने मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5 ओवर 4 विकेट आऊट होकर 53 रन बनाकर मैच में जीत हासिल की । भंडारबोडी के ओपनर बल्लेबाजो ने मैदान में अच्छी बल्लेबाजी की। विक्की ने शानदार रन बनाकर कर मैच जीताने में योगदान दिया। कटोरी के टीम के खिलाड़ीयो ने रोचक गेदबाजी की बावजूद भडारबोडी की टीम ने लक्ष्य का आसानी से हासिल किया।

---

## वन विकास निगम लामता परियोजना बालाघाट मण्डल की कार्यवाही

# वन अमले ने की छापेमारी, शिकारियों के पास से चीतल का मांस और सागौन चिरान जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लामता परियोजना मण्डल बालाघाट के अंतर्गत आने वाले परियोजना परिक्षेत्र लामता के सर्किल लामता के अंतर्गत बीट सुकड़ी के कक्ष क्रमांक 1285 से लगे वन्यप्राणी चितल का शिकार कर मांस को पकाकर खाने की तैयारी में जुटे शिकारियों को दबिश देकर पकड़ा गया। साथ ही एक अन्य मामले में सागौन चिरान की जब्ती की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्ष कमांक 1285 से लगे राजस्व क्षेत्र सुकड़ी मे वन्यप्राणी चितल के शिकार मे लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 27 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सुकड़ी मे वन्यप्राणी चितल का शिकार किया गया है, संभागीय प्रबंधक के निर्देशन मे वन अमला ग्राम सुकड़ी पहुंचा। जहां गगनदीप उर्फ झगडूसिंह लालचंद उइके जाति गोंड़ उम्र 28 वर्ष ग्राम सुकड़ी तहसील परसवाड़ा थाना परसवाड़ा बालाघाट के घर जाकर तलाशी ली गई। यहां घर से कच्चा मांस लगभग 0.400 ग्राम जप्त कर जप्ती की कार्यवाही की गई। तब वहा से वन अमला आरोपी सुलखेसिंह वल्द पान्डूराम इनवाती साकिन सुकड़ी से लगे राजस्व क्षेत्र खेत मे बनी झोपड़ी मे जाकर तलाशी के लिये पहुंचा तो कढाई मे रखा पका मांस लगभग 2 किग्रा एवं 1 नग कुल्हाडी जप्त कर जप्ती की कार्यवाही की गई। दोनों आरोपियों के विरूद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 972 की धारा 39(2), 39(3) आरडब्लयू 57, ४४ (१) सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वन अमले द्वारा अन्य कार्यवाही में गगनदीप उर्फ झगड़ पिता लालचंद जाति गोड़ उम्र 28 वर्ष निवासी सुकड़ी के घर पर रखी अवैध बीजा चिरान 16 नग 0.272 घ.मी. एवं सागौन चिरान 2 नग 0.046 घमी, कुल प्राप्त वनोपज का 48 नग 0.318 घन मीटर जप्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के अंतर्गत वन अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त दोनों आरोपियों की निशान देही पर बकवाड़ा निवासी संतोष वल्द सूरजपाल गोड़ ग्राम बकवाड़ा के निवास स्थान पर गये तो आरोपी मौके से फरार था। तत्पश्चात दोनों आरोपियों को लेकर माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट बालाघाट के समक्ष उपस्थित किया गया जहां से माननीय न्यायालय ने दोनों आरोपी को जिला जेल बालाघाट भेज दिया गया है।






कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

उक्त कार्यवाही मे वन अमला परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी आर.पी. जरगे, सतीश कुमार कुमारे स.प.क्षे., श्रवण कुमार उइके कार्यवाहक वनपाल, रवि कुमार भारतीया क्षेत्ररक्षक, जितेन्द्र कुमार बांगरे वनरक्षक, वाहन चालक कलीम खान, सुरक्षा श्रमिक सुरजलाल हनवत, राजकुमार इनवाती, अनोज दमाहे स्थाईकर्मी, जयनसिंह सैयाम, रतन ग्वाले, वेदप्रकाश दमाहे, पवन अहाके की अहम भूमिका रही ।